


आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 24 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# हेसल पंचायत सचिवालय में कंबल वितरण सह सद्भावना समारोह

## मुस्तफा अंसारी एक व्यक्ति नहीं, विचारधारा हैं : हरिनारायण सिंह

**ठंड के मद्देनजर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**अनगड़ा।** झारखंड रत्न से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता सह अंजुमन इस्लामिया ग्रामीण झारखंड के अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी की अध्यक्षता में शनिवार को हेसल पंचायत सचिवालय में कंबल वितरण सह सदभावना समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, झारखंड लोक सेवा समिति के अध्यक्ष नौशाद खान, इम्तियाज वारसी, अनवर खान, विष्णु महतो, राजेश यादव, अजय महतो, वनमाली महतो, नरेश साहू, सिकंदर अंसारी, थानेदार दिलेश्वर कुमार आदि उपस्थित हुए। इसके पूर्व मुस्तफा अंसारी ने सभी आगंतुक अतिथियों को बुके और शॉल देकर सम्मानित किया। स्वागत करते हुए मुस्तफा अंसारी ने कहा कि गरीबों की सेवा हज से कम नहीं है। मनुष्य के जीवन की सार्थकता तब है जब वह गरीब और असहायों की सेवा करे। उनके जीवन का मकसद है गरीबों की सेवा और समाज में आपसी भाईचारा के लिए सदैव आगे रहना। इस अवसर पर आसपास के इलाकों के 250 सौ से भी अधिक गरीब, असहाय के बीच कंबल का वितरण किया गया। हरिनारायण सिंह ने कहा कि मुस्तफा अंसारी एक व्यक्ति नहीं विचारधारा हैं। वे गरीबों की सेवा वगैर भेदभाव के श्रद्धाभाव से करते हैं। उनकी इस सामाजिक पहल ने गरीब असहाय लोगों में आगे भी इस तरह की मदद का उम्मीद और भरोसा कायम हुआ है। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि सेवा मानव जीवन का सबसे बड़ा कर्तव्य है। सुरेंद्र महतो ने कहा कि मुस्तफा अंसारी हमेशा सामाजिक और रचनात्मक कार्यों में आगे रहते हैं। ये वगैर भेदभाव के समाज के हर वर्ग और तबके की सेवा करने के साथ उनके बीच आपसी प्रेम, सौहार्द्र और भाइचारगी को बढ़ावा देने का काम करते हैं। संचालन अब्दुल इमाम अंसारी और धन्यवाद ज्ञापन इब्राहिम अंसारी ने किया।

### कार्यक्रम समाप्ति के बाद पहुंचे विधायक

विधायक राजेश कच्छप किसी कारणवश समय पर कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाये। वे कार्यक्रम की समाप्ति के बाद पहुंचे, जहां मुस्तफा अंसारी ने उनका शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर स्वागत किया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

मुस्लिम फैजी, किस्टो कुजूर, अब्बास अंसारी, रामेश्वर महतो, मुखिया कविता देवी, पंसस शीला देवी, हेमंत वर्मा, आतिक गाजी, रामनाथ करमाली, धनीराम करमाली, शौकत अंसारी, कलाम अंसारी, समशुल दोहा, मोनाजिर अंसारी, मो अंसार आदि उपस्थित थे।

## संत थॉमस स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग

**रांची (आजाद सिपाही)।** संत थॉमस स्कूल, हरदाग में क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य बिन्सु फिलीप, उप प्रधानाचार्या सुजा सुसैन थॉमस समेत शिक्षक, शिक्षिकाएं और सभी कर्मचारी, छात्र-छात्राओं के साथ उपस्थित थे। इसमें कक्षा आठ की छात्रा अपेक्षा श्रेया बारला ने अंग्रेजी में बाइबल रिडिंग और कक्षा सातवीं की निशि मिंज ने हिंदी में बाइबिल रिडिंग की। कक्षा छह के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। क्रिसमस के अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका लेखा एम वर्गीश द्वारा क्रिसमस का मर्म समझाया गया और प्रेम के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य फॉदर बिन्सु फिलीप, उप प्राचार्या सुजा सुसैन थॉमस ने क्रिसमस और न्यू ईयर की बधाई दी। इस दौरान सभी बच्चों के बीच केक बांटा गया। प्रधानाचार्य ने क्रिसमस के संदेश के रूप में सभी को प्रभु यीशु मसीह के त्याग- प्रेम के साथ लोगों के बीच सेवा की भावना को प्रोत्साहन देने का रहा।

## झारखंड को सांप्रदायिकता की नयी प्रयोगशाला नहीं बनने दिया जायेगा: आल इंडिया पीपुल्स फोरम

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश के सामाजिक जनमुद्दों पर जन अभियानों का साझा मंच ऑल इंडिया पीपुल्स फोरम, झारखंड इकाई ने संघ-भाजपा संचालित कतिपय आदिवासी नामधारी संगठनों व नेताओं के डिलिस्टिंग रैली को प्रदेश की सामाजिक एकता और सौहार्द्र विरोधी करार दिया। साथ ही आरोप लगाया है कि डिलिस्टिंग की मांग दरसल आदिवासी समाज में सांप्रदायिक फूट पैदा कर संविधान प्रदत्त पांचवीं अनुसूची के प्रावधानों तथा आरक्षण को निष्प्रभावी बनाने की नयी साजिश है। शनिवार को फोरम की राष्ट्रीय कमेटी और प्रदेश संयोजन समिति सदस्य वरिष्ठ आदिवासी बुद्धिजीवी वाल्टर कंडुलना, जेवियर कुजूर व नदीम खान ने उक्त बयान जारी कर कहीं। फोरम ने यह भी सवाल उठाया है कि बरसों बरस से विस्थापन और पलायन का शिकार हो रहे आदिवासी समाज के अधिकारों के संघर्ष के समय डिलिस्टिंग की मांग करने वाले हमेशा गायब हो जाते हैं। फोरम ने आगाह किया है कि राज्य गठन के बाद से ही झारखंड को जो गुजरात की तर्ज पर सांप्रदायिकता की प्रयोगशाला बनाने की निरंतर साजिश होती रही है, अबकी डिलिस्टिंग की मांग की आड़ में यह हथकंडा अपनाया जा रहा है। जिसे झारखंड की जनता किसी भी सूरत में सफल नहीं होने देगी।

## लाभुकों को आवास स्वीकृति का निर्देश

**रांची (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना से शत-प्रतिशत आवास की स्वीकृति देने का निर्देश जिले के अधिकारियों को दिया है। इस योजना से राज्य में अभी भी 144 लाभुकों के आवास की स्वीकृति नहीं मिल पायी है। इसमें साहेबगंज में 66, बोकारो में 30, पलामू में 21 और गढ़वा जिला में 11 लाभुकों की आवास योजना की स्वीकृति अभी तक नहीं दी गयी है।

# हैलो, मैं पुरुलिया सांसद बोल रहा हूं... बोल कर दिखाता था धौंस

**परिचितों के कराता था टिकट कंफर्म, गिरफ्तार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मैं पुरुलिया सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो बोल रहा हूं। मैंने एक टिकट भेजा है, उसे कंफर्म करा दें। यह आवाज किसी सांसद की नहीं थी, बल्कि फर्जी सांसद बने झालदा निवासी नबानी मुखर्जी उर्फ बाबू मुखर्जी की है, जो कि सीनियर डीसीएम निशांत कुमार को फोन कर रहा था। ऐसे उसने एक बार नहीं बल्कि कई बार फोन कर अपना टिकट कंफर्म कराया था। जब इस पर सीनियर डीसीएम को संदेह हुआ, तो पता चला कि जिस फोन नंबर से सीनियर डीसीएम को फोन आता है। वह नंबर सांसद का नहीं है। बताया गया कि वह पेशे से ड्राइवर है और इसी तरह फोन कर अपने परिचितों का टिकट कंफर्म कराने का काम करता है। हालांकि रेलवे आरपीएफ द्वारा उससे संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन शुरुआती दौर में उससे संपर्क नहीं हुआ। उसके बाद जिन लोगों का उसने टिकट कराया था, उनसे संपर्क कर उन्हें रेलवे आने के लिए कहा गया। बाबू मुखर्जी कई दिनों तक भागता रहा। जब आरपीएफ ने संपर्क साधा, तो वह धौंस दिखाने लगा। कभी सीएम के साथ तो कभी मंत्री के साथ रहने की बात कहने लगा।

**निकाली जा रही डिटेल:** हालांकि जब उस पर दबाव बनाया गया, तब वह आरपीएफ के पास पहुंचा। उसे थाने के सुपुर्द कर दिया गया है। रेलवे ने नबानी मुखर्जी पर प्राथमिकी करायी है। इस मामले में यह भी जांच किया जायेगा कि वह रेलवे के किस-किस अधिकारी से बात करता था। उसका कॉल डिटेल निकाला जायेगा।

## हाइकोर्ट के जज की गाड़ी नशे में युवक ने मारी टक्कर, गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित प्रभात तारा मैदान के पास हाइकोर्ट के जज की गाड़ी में एक व्यक्ति ने शराब के नशे में टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाले का नाम दिनेश कुमार राम है। धुर्वा थाना की पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। घटना 22 दिसंबर की है। जब जस्टिस आनंद सेन अपनी गाड़ी से धुर्वा जेएससीए स्टेडियम होते हुए अपने घर लौट रहे थे उसी समय प्रभात तारा मैदान के पास दिनेश कुमार राम ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। वह शराब के नशे में था। उसके पास बाइक चलाने के लिए लाइसेंस तक नहीं था।

## हत्या के इरादे से पिस्टल लेकर पहुंचे थे 10 अपराधी, दो पकड़े गये

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के बुमरू में हत्या करने की नियत से आठ-दस की संख्या में अनीता देवी के घर में अपराधी घुसे थे। लेकिन स्थानीय लोगों की मदद से दो पकड़े गये और अन्य भाग गये। इस संबंध में अनीता देवी ने तुपुदाना ओपी में दो लोगों के विरुद्ध नामजद और अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार वह अपने परिवार के साथ घर में थी, वहीं उनके मुर्गा फार्म के मजदूर अपने खाना फार्म में ही बना रहे थे। अचानक अपराधी अंदर आये और पिस्टल दिखाकर मुर्गा फार्म के कर्मियों को बांध दिया। फिर उनके मोबाइल छिन लिये। अनीता देवी के दोनों बेटो आकाश और विकाश को भी बांध दिया। जब अनीता देवी चिल्लाने लगी तो उन लोगों ने धमकी दी की उनके बेटे को गोली मार देंगे। वे लोग अपना मुंह ढक कर आये थे। अनीता देवी के पति उस दौरान उपर वाले कमरे में थे। आवाज सुन कर उन्होंने ग्रामीण को आवाज दी। ग्रामीणों की आवाज सुनकर तभी भागने लगे। लेकिन ग्रामीणों ने खदेड़ कर दो अपराधियों को पकड़ लिया। एक ने बताया कि वह पंकज कुमार के फार्म से आया है। उसने ही उसे भेजा है। अनीता देवी ने दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि पंकज कुमार ने उनके पति और परिवार के लोगो की हत्या के लिए उन अपराधियों को भेजा था। पुलिस दोनों पकड़े गये अपराधियों से पूछताछ कर रही है

## आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**रांची (आजाद सिपाही)।** 16 वर्षीय लड़के की अपहरण कर हत्या करने के आरोपियों के घर पुलिस ने शनिवार को इश्तेहार चिपकाया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पंडरा ओपी की पुलिस टीम हत्या के आरोपी राहुल दयाल और बिन्नी दयाल के टेंडर ग्राम स्थित घर पहुंची और इश्तेहार चिपकाया। गौरतलब है कि बीते 1 मई 2018 को पंडरा ओपी क्षेत्र के हेसल जतरा टांड़ से रोशन नाम के लड़के का अपहरण किया गया था। इसके बाद झिरी टेंडर ग्राम ले जाकर उसकी गोली मार हत्या कर दी गयी थी। फिर आरोपियों ने उसके शव को चौपारण के जंगल में ले जाकर पेट्रोल डाल कर जला दिया गया था। काफी जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने शव बरामद किया था। अनुसंधान के दौरान पाया गया था कि घटनास्थल पर कुछ ही लोगों को देखा गया था। सीसीटीवी फुटेज में तस्वीरें भी धुंधली थीं। एक ही प्रत्यक्षदर्शी ने चार अभियुक्तों की पहचान की थी। पंडरा ओपी क्षेत्र के रहनेवाले फागू कुज्जूर का 16 वर्षीय पुत्र रोशन कुज्जूर 25 अप्रैल 2018 को रहस्मय ढंग से गायब हो गया था। परिजनों ने पुलिस को गायब होने की सूचना दी थी। लेकिन पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखायी। इसके बाद 1 मई 2018 को पता चला कि आरोपितों ने उसकी गोली मार कर हत्या कर दी है। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और छानबीन करते हुए शव को जंगल से बरामद किया। इस मामले में पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

भाकृअनुप- राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या/ Advertisement No. 41/GA/AFO/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में ''रोपित और सीधी बुआई वाले चावल की स्थिति में चावल आधारित फसल प्रणालियो की जल प्रयोग दक्षता, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, उपल और अर्थव्यवस्था का आकलन करना'' (ईएपी-402) परियोजना के लिए एक (01) ग्रेजुएट असिसटेंट तथा एक (01) एग्रीकल्चरल फिल्ड ऑपरेटर के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक 09.01.2024 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तें के बारे में जानकारी भाकृअनुप - एनआरआरआई की वेबसाइट https://icar-nrri.in पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-interviews will be held on 09.01.2024 for selection of One (01) Graduate Assistant (GA) and One (01) Agricutural Field Operator (AFO) under the scheme "Assessing the water productivity, GHG emission, yield and economics of rice-based cropping systems under transplanted and direct seeded rice" (EAP-402) at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack. The Details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI website https://icar-nrri.in

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

## महत्वपूर्ण खबरें

### भैरव सिंह ने गरीबों के बीच बांटे कंबल



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए हिंदूवादी नेता भैरव सिंह के द्वारा डोरंडा ओवरब्रिज के नीचे स्थित निर्मला कुष्ठ कॉलोनी में गर्म कपड़े और कंबल, साड़ी, शर्ट-पैंट, स्वेटर, जैकेट बांटा गया। भैरव सिंह ने कहा कि जीव सेवा का अर्थ ही शिव सेवा है। प्रयास है कि रांची के फुटपाथ और मंदिरों के बाहर बहुत से ऐसे लोग रहते हैं, जिनके पास गर्म कपड़े, कंबल, अच्छे कपड़े तक नहीं हैं। हम सबका प्रयास है कि उन सब तक गर्म कपड़े पहुंचाये जायें। आने वाले दिनों में भी चुटिया, रांची रेलवे स्टेशन पर ऊनी वस्त्र, साड़ी और कपड़ों का वितरण किया जायेगा।

### राष्ट्रीय मैत्री सह सम्मान समारोह कल

**रांची (आजाद सिपाही)।** मां शारदे मंच के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 25 दिसंबर को राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन होगा। इसमें शिक्षा के क्षेत्र में नेहा प्रसाद और कला के क्षेत्र में गायिका वीणा श्री को सम्मानित किया जायेगा।

### वीरेंद्र पांडेय को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि

**पिस्का नगड़ी (आजाद सिपाही)।** रेवती नगर पंचायत वार्ड नंबर-14 के निवासी बीरेंद्र कुमार पांडेय के पुत्र मिथिलेश कुमार पांडेय ने रांची का मान बढ़ाया है। उन्होंने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी संकाय के कंप्यूटर एप्लीकेशन में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्राप्त की है। यह सम्मान उन्हें 9 नवंबर को विश्वविद्यालय की 27वें दीक्षांत समारोह में उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, वाइस चांसलर प्रोफेसर वंदना सिंह ने प्रदान किया। इन्होंने अपना शोध 'डिटेक्शन ऑफ फिशिंग वेबसाइट यूजिंग मशीन लर्निंग' में डॉ मुनींद्र कुमार, प्रोफेसर बीबी तिवारी के सुपरविजन में निर्धारित समय तीन वर्ष में ही पूरा किया है। वर्तमान में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के डिपार्मेंट आफ कंप्यूटर एप्लीकेशन में असिस्टेंट प्रोफेसर (गेस्ट) के पद पर कार्यरत थे।

### पारस एचइसी अस्पताल में डॉ शिव ने बचायी जान




**रांची (आजाद सिपाही)।** 32 वर्ष के युवक पारस एचइसी अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में चेतना में कमी और 65 प्रतिशत ऑक्सीजन की मात्रा के साथ लाया गया। मरीज के परिजनों ने बताया कि मरीज को पिछले दो दिनों से उल्टी, ज्वर और सांस लेने में परेशानी हो रही थी। पारस एचइसी अस्पताल में लाये जाने के बाद मरीज की जांच की गयी। जांच में मरीज को स्क्रब टाइफस से ग्रसित पाया गया। इसके कारण मरीज को चलने में भी परेशानी हो रही थी। सर्वप्रथम मरीज में गंभीर एआरडीएस के कारण उसे पेट के बल लिटाकर वेंटीलेटर के माध्यम से कृत्रिम सांस दिया गया। मरीज को दो बार प्रोनिम दिया गया। साथ ही व्यापक स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक दिया गया । इसके बाद मरीज को होश आ गया। उसके सीने का एक्सरे करने पर चिकित्सकों ने पाया कि उसमें काफी सुधार हुआ है। मरीज की स्थिति में सुधार आने के बाद उसे वेंटीलेटर से हटाकर सामान्य वार्ड में भेज दिया गया। वार्ड में भेजने के तीन दिनों बाद मरीज को फिर से बुखार आ गया। तत्पश्चात चिकित्सकों ने मरीज की माइक्रोबायोलॉजिकल जांच की, जिसके बाद एंटीबायोटिक में बदलाव की गयी और मरीज फिर ज्वरमुक्त हो गया। स्क्रब टाइफस के इलाज के लिए मरीज को स्टेरॉयड दिया गया, जिसके बाद मरीज की हालत में काफी सुधार आया। अब मरीज पूरी तरह से ठीक है। उसे छुट्टी दे दी गयी है। फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि हमें गर्व है कि पारस परिवार अत्याधुनिक संसाधनों के साथ मरीजों को उत्कृष्ट और सर्वोत्तम इलाज की सुविधा देने में हर दिन नयी ऊंचाइयों को पा रहा है।

### संतोष कॉलेज में 'स्नेह' वार्षिकोत्सव




**रांची (आजाद सिपाही)।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन, सेंटर फॉर बायोइनफॉर्मेटिक्स (पॉलिटेक्निक कॉलेज), स्नेहकुल पब्लिक हाइस्कूल और संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय स्नेह वार्षिकोत्सव का समापन हुआ। मुख्य अतिथि आरयू के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंहा ने कहा कि युवा पीढ़ी को शिक्षित और कौशल युक्त बनाने की जरूरत है। 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सकारात्मक पहल करने की आवश्यकता है। युवाओं में नवाचार-शोध की प्रवृत्ति विकसित करने की जरूरत है। डिजिटल युग में शिक्षा को सरल और सुगम बनाया जा सकता है। कुलपति द्वारा डीएलएड उत्तीर्ण प्रशिक्षु शिक्षकों को डिग्री सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। साथ ही त्रैमासिक पत्रिका ज्ञान पीयूष का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन संगीत प्रतियोगिता, एकांकी नाटक, नृत्य प्रतियोगिता, फैशन शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ रश्मि ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मानव निर्माण होना चाहिए। शिक्षा से ही व्यक्ति सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकता है।

# डीपीएस में सीबीएसइ रीजनल लेवल साइंस एग्जीबिशन विज्ञान का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सीबीएसइ द्वारा डीपीएस रांची में रीजनल लेवल साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया और यह प्रदर्शनी वैज्ञानिक नवाचार और रचनात्मकता के प्रदर्शन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में पटना रीजन (झारखंड राज्य) के 41 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज करायी। 22 और 23 दिसंबर 2023 को आयोजित प्रदर्शनी में दो श्रेणियों में छात्रों के वैज्ञानिक कौशल को प्रदर्शित किया गया। पहली श्रेणी में कक्षा छठीं से आठवीं तक के विद्यार्थी और दूसरी श्रेणी में कक्षा नवमीं से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थी शामिल थे। प्रतिभागियों ने वैज्ञानिक जिज्ञासा की व्यापकता और गहरायी को दर्शाते हुए विविध विषयों पर परियोजनाओं और मॉडलों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की। प्रदर्शनी के पांच विषयों में स्वास्थ्य, जीवन (पर्यावरण के लिए जीवन शैली), कृषि, संचार और परिवहन और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग शामिल थे।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 41 विद्यालयों में से, 09 विद्यालयों के विद्यार्थी विजेता बनकर उभरे और दिल्ली में आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी के राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया। कक्षा छठी से आठवीं श्रेणी में, 'कृषि' थीम में सिदो कान्हू हाइस्कूल, दुमका, 'संचार और परिवहन' थीम में भागमनी चंद्रवंसी पब्लिक स्कूल, पलामू, 'स्वास्थ्य' थीम में स्वामी श्रद्धानंद डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, खूंटी, रांची और सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, रांची 'जीवन (पर्यावरण के लिए जीवन शैली)' विषय में विजय रहे।

कक्षा नौवीं से ग्यारहवीं श्रेणी में, 'कृषि' थीम में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली, रांची, 'संचार और परिवहन' थीम में दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद, 'स्वास्थ्य' थीम में सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, रांची, निरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल,रांची 'जीवन (पर्यावरण के लिए जीवन शैली)' थीम में और 'कम्प्यूटेशनल थिंकिंग' थीम में दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची विजेता बने।

इन स्कूलों ने प्रदर्शनी के विषयों को संबोधित करने और कड़े मूल्यांकन मानदंडों को पूरा करने में असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया।

ध्यातव्य है कि विद्यार्थियों द्वारा बनाई गयी परियोजनाओं और मॉडलों का मूल्यांकन रचनात्मकता और कल्पना, मौलिकता और नवीनता, वैज्ञानिक विचार, सिद्धांत और दृष्टिकोण, तकनीकी कौशल, कारीगरी, शिल्प कौशल, शैक्षिक मूल्य, स्केलेबिलिटी और भविष्य में समाज के लिए उपयोगिता, आर्थिक (कम लागत), संभाव्यता और स्थायित्व और प्रदर्शन और प्रासंगिक स्पष्टीकरण की प्रस्तुति के आधार पर किया गया।

इस अवसर पर डीपीएस रांची के प्राचार्य सह सिटी कोऑर्डिनेटर रांची जोन, डॉ. राम सिंह ने कहा, प्रदर्शनी सक्रिय सीखने का एक उत्कृष्ट माध्यम है क्योंकि शिक्षण कक्षा की दीवारों के भीतर ही सीमित नहीं होना चाहिए और विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए उनकी रचनात्मकता और गुणों को हमेशा बढ़ावा देना चाहिए। इन शैक्षणिक गतिविधियाँ की वजह से सभी विद्यार्थियों को नए तथ्य सीखने में संलग्न करती हैं और उन्हें ज्ञान का उपयोग कर-के, अधिक सीखने और उनमें से सर्वश्रेष्ठ लाने की जिज्ञासा विकसित करने में मदद करती हैं।

प्रदर्शनी ने न केवल छात्रों को अपने वैज्ञानिक कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान किया, बल्कि सीखने, सहयोग और अन्वेषण के माहौल को भी बढ़ावा दिया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 24 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


### पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा टाना भगत स्मारक स्थल, विधायक शिल्पी व बंधु तिर्की ने किया सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

# देश की आजादी में टाना भगतों के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता: शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। देश की आजादी में टाना भगतों के योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता। उक्त बातें विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कही। वे झारखंड प्रदेश टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक निर्माण समिति के तत्वावधान में शनिवार को बेड़ो प्रखंड के खक्सी टोली गांव में टाना भगत स्मारक स्थल के आयोजित शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक शिल्पी नेहा व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की समेत अन्य समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से किया। इसके पूर्व विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की समेत अन्य समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से स्मारक स्थल पर 3.5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान टाना भगतों व ग्रामीणों ने परंपरागत नाच गान, मांदर, ढाक, ढोल, रणभेरी व नगाड़ा की थाप पर अतिथियों का स्वागत किया। विधायक ने कहा कि करोड़ों की लागत से टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल पर चहारदीवारी, स्टेज, कैंपस विकास, मुख्य द्वार, परिसर का सौंदर्यीकरण, कॉफ्रेंस हॉल, पहुंच पथ एवं गेस्ट हाउस आदि का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में टाना भगतों के बलिदान को भावी पीढ़ी इस स्थल के माध्यम से स्मरण करेगी। वहीं पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि यह दिन स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। यह समारोह का आयोजन कांग्रेस के 138वें वर्षगांठ पर किया गया है। उन्होंने कहा कि पटना के बिहार शरीफ कैंप जेल में कुल 86 ताम्रपत्र से विभूषित टाना भगत स्वतंत्रता सेनानियों का नाम इस स्थल पर संगमरमर से नामांकित किया जाएगा। जिन्होंने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने स्मारक स्थल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने की भी बात कही। इधर, समारोह में स्मारक स्थल के भूदाताओं में क्रमशः धरमु टाना भगत, एतवा टाना भगत, झुबली टाना भगत, सुकरो टाना भगत व प्रेमचंद टाना भगत आदि को विधायक व पूर्व मंत्री ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, केडी गुरु टाना भगत, आशीर्वाद टाना भगत, बिगल टाना भगत, विश्वनाथ टाना भगत, जिप सदस्य पश्चिमी बेरोनिका उरांव, उप प्रमुख मोदस्सीर हक, मजकूर सिद्दिकी, करमा उरांव, मुखिया लक्ष्मी कोया, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, नकुल सिंह, परवेज आलम, मो इरशाद, विश्वा टाना भगत, झिरगु टाना भगत, विगा टाना भगत, उषा टाना भगत, मंगरा टाना भगत, कुंवारी टाना भगत व इरशाद खान आदि मौजूद थे।





## राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाइबीएन विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी और स्कूल ऑफ साइंस के सहयोग से शनिवार को कॉन्फ्रेंस हॉल में राष्ट्रीय गणित दिवस-वैदिक गणित और गणितीय मनोरंजन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य वैदिक गणित के आकर्षक क्षेत्र की खोज कर इंटरैक्टिव और मजेदार गतिविधियों के माध्यम से गणित को और अधिक मनोरंजक बनाकर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाना है। कार्यशाला की शुरूआत डॉ कमलकांत पात्रा, सहायक रजिस्ट्रार एवं एचओडी वनस्पति विज्ञान विभाग के स्वागत भाषण से हुआ। मुख्य वक्ता डॉ ध्रुब कुमार ने वैदिक गणित की सुंदरता और अनुप्रयोगों पर अंतर्दृष्टि साझा किया। साथ ही प्रतिभागियों को गणित सीखने को एक आनंददायक अनुभव बनाने के लिये डिजाइन किया। इस अवसर पर डॉ ध्रुब कुमार ने कहा कि गणित हम सभी के जीवन का अभिन्न अंग है। सुबह उठने से लेकर सोने तक हम गणित का प्रयोग करते है। मानवता के विकास में इस विषय का बड़ा ही महत्व है। गणित के इस महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने व गणित का महत्व बताने के लिये हर साल 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 2012 को मद्रास विश्वविद्यालय से श्रीनिवास रामानुजन के जन्म की 125वीं वर्षगांठ पर की गयी थी। उनके लिखे हजारों समीकरण आज भी गणितज्ञों का मार्गदर्शन करते है। धन्यवाद ज्ञापन विज्ञान संकाय के डीन डॉ आशा मिश्रा ने किया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय प्रशासन समिति के साथ विश्वविद्यालय के अधिकारी, स्कूल ऑफ साइंस के सदस्य, शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## शिव मंदिर से हनुमान मंदिर तक निकली अक्षत शोभा यात्रा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के लिये निमंत्रण पूज्य अक्षत कलश शनिवार को अक्षत कलश भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा पुरुलिया रोड स्थित नामकुम मिलिट्री डेरी फार्म शिव मंदिर से जोड़ा मंदिर जोरार, हनुमान मंदिर तेतरी टोली, हनुमान मंदिर नामकुम रेलवे स्टेशन से होते हुए नामकुम खटाल स्थित हनुमान मंदिर तक निकाली गयी। इस दौरान इलाके के प्रत्येक घर तक अक्षत पहुंचा कर 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के लिये निमंत्रण दिया गया। अक्षत कलश यात्रा में भाजपा नेता बीके सिंह, नामकुम रेलवे स्टेशन हनुमान मंदिर के अध्यक्ष मनीष राय, चतरा पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, समाजसेवी ब्रजेश सिंह, राजेंद्र प्रमाणिक, रविंद्र तिवारी, गिरिधर मिश्रा, राजेश मिश्रा, अमित कुमार मिश्रा, हलधर मिश्रा, चंदन राय, अरविंद सिंह, अशोक तिवारी, रविंद्र तिवारी संजय, आशुतोष द्विवेदी, उपेंद्र सिंह, मंगल गुप्ता, राम प्रज्वलित पांडे, राजू पाठक, उद्वचंद्र महतो, बिरेंद्र सिंह, शंकर यादव, निरज दुबे, मृत्युंजय मिश्रा, गौतम सिंह, पिंटू सिंह, मनोज, अजीत के साथ राम भक्त शामिल हुए।

## एक्यूप्रेशर सेंटर पर क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** एक्यूप्रेसर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे में क्रिसमस पर एक्यूप्रेसर गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एक्यूप्रेसर चिकित्सकों द्वारा नेचुरल चिकित्सा पद्यति के विभिन्न उपायों की मदद से मरीजों की चिकित्सा की गयी। जिसका लाभ टाटीसिलवे के लोगों ने लाभ उठाया। जिसमें कमर दर्द, स्लिप डिस्क, बवासीर, आंख, सुगर, बीपी, गेठिया, लकवा, पोलियो, सटिका, टीबी के शामिल थे। एक्यूप्रेसर चिकित्सा के सम्बंध में संस्था के प्रदेश सचिव डॉ मधुसूदन पांडेय ने बताया एक्यूप्रेसर बॉडी सर्विसिंग की प्रक्रिया है। यदि इससे प्रत्येक महीने किया जाए तो बीमारी की संभावना नहीं होती। कार्यक्रम में सामूहिक खिचड़ी भोग का व्यवस्था किया गया। एक्यूप्रेसर सेंटर में प्रत्येक शनिवार को आम नागरिकों के लिये खिचड़ी का व्यवस्था किया जाता है। मौके पर एक्यूप्रेसर चिकित्सक बलराम महतो, रुक्मणि कुमारी, लपन कुमारी, नरेश महतो, महेश राज, राजेश मिश्र, ललिता आदि शामिल थे।

# बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान: रामटहल

### लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करें विद्यार्थी : विधायक

**धूमधाम से मना आरटीसी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव, रंगारंग प्रस्तुति से बच्चों ने मोहा उपस्थित लोगों का मन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक समारोह आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद व स्कूल के चेयरमैन रामटहल चौधरी के अलावा विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, डॉ अमर कुमार चौधरी, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, डॉ पारसनाथ महतो, डॉ रूद्रनारायण महतो, प्यारेलाल महतो, सीमा देवी और सुरेंद्र महतो आदि उपस्थित थे। समारोह में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र-छात्राओं नें एकल नृत्य, सामुहिक नृत्य कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं पर्यावरण सुरक्षा, सामाजिक एकता, देशभक्तों की वीरता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश संगीत और नाटक पेश किया गया। इससे पहले प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल की शैक्षणिक, खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रामटहल चौधरी ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवतापूर्ण शिक्षा देना चाहिए। हमें लगता है कि इन सब गुणों में यह विद्यालय सबसे अव्वल दर्जे का है। वहीं, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि शिक्षा के साथ ही कौशल विकास के लिए इस तरह की गतिविधि समय-समय पर होते रहने चाहिए। वहीं, विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि छात्रों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने रहना चाहिए। इस दौरान पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने स्कूल में साईंस लैब का उद्घाटन भी किया। मौके पर बलदेव चिल्ड्रेन एकेडमी के निदेशक दिनेश महतो, समाजसेवी नीलकंठ चौधरी, कामेश्वर महतो, हिमांशु शेखर चौधरी, रणधीर चौधरी, वनमाली महतो, अजय महतो, रोशनलाल मुंडा, सुरेश महतो, विजय महतो, नरेश साहू, विष्णु महतो आदि मौजूद थे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विधायक राजेश कच्छप व अन्य।

## झींझरी पंचायत पहुंचा संकल्प यात्रा रथ, लोगों को किया गया जागरूक

**मांडर (आजाद सिपाही)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को संकल्प यात्रा रथ प्रखंड के झींझरी पंचायत पहुंचा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए थे। कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव आराधना पटनायक एवं डीडीसी दिनेश कुमार यादव द्वारा स्टॉल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इससे पूर्व स्वास्थ्य सचिव एवं डीडीसी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य सचिव ने कहा के भारत सरकार का लक्ष्य विकसित भारत रथ यात्रा के माध्यम से संचालित योजनाएं की जानकारी गरीबों तक पहुंचाने और उनको उसका लाभ दिलाने की है, ताकि साल 2047 तक विकसित भारत की श्रेणी में लाकर गरीब मुक्त देश का निर्माण करना है। सभी ग्रामीण जागरूक होकर भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ लें। मौके पर डीपीएम प्रवीन कुमार सिंह, स्टेट प्रोग्राम मैनेजर अकाई मिंज, अभियान निदेशक अलोक त्रिपाठी, बीडीए मनोरंजन कुमार, सीओ विजय हेमराज खलखो आदि थे।



### सुरसू में सरकार आपके द्वार का आयोजन, शामिल हुए सिल्ली विधायक

# अनियमितता स्वीकार्य नहीं: सुदेश महतो

**पंचायत वासियों के शिकायत पर विधायक ने जतायी नाराजगी, कहा यह सबसे पिछड़े पंचायत में से है इसे हम अव्वल देखना चाहते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत सुरसू पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो शामिल थे। कार्यक्रम में कृषि पशुपालन एवं सहकारीता, पेयजल एवं स्वच्छता, खाद्य आपूर्ति, राजस्व, कल्याण, मनरेगा, शिक्षा, वन पर्यावरण, बिजली, महिला एवं बालविकास विभाग एवं आजिविका मिशन (जेएसएलपीएस) आदि विभागों के स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभागों से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं लोंगों से 577 अबुआ अवास, वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन 16, केसीसी 13, सावित्री बाई फुल्ले 50, मातृ बंदना 10, पशुपालन योजना 45, राशन कार्ड 121, पेयजल विभाग 15 एवं उज्वला योजना के 12 फार्म जमा लिये गये। सिचाई कुप 14 व मनरेगा जॉब कार्ड के 90 मामलों का मौके पर ही स्वीकृति की गई। भूराजस्व विभाग से चार लोगों की रसीद काटी। इसके अलावा जेएसएलपीएस से पॉच महिला समुहों को बैंक लिंकेज 30 लाख एवं एक समुह को सामुदायिक निवेश कोष से तीन लाख रुपए का वितरण किया गया। गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण भी किया गया। वहीं, ग्रामीणों ने पेय जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा बनाये जा रहे घर-घर पानी आपूर्ति कनेक्शन में गड़बड़ी, पानी घर तक नहीं पहुंचना, संवेद द्वारा सफई पाइप खुला छोड़ना, एवं पुराने चपाकल का बोरिंग में समरसेबल डालकर नये जल मीनार को कनेट करने आदि की शिकायत विधायक सुदेश महतो से की गई। यह सुन विधायक ने नराजगी व्यक्त की और फटकार लगाते हुए कहा कि इस पंचायत में घर-घर नल योजना में जो गड़बड़ी हुई है सुधार लें। अन्यथा कार्रवाई निश्चित है। ये हमारे सबसे पिछड़े पंचायतों में से है। हम इसे सबसे आगे देखना चाहते हैं। इस मौके पर अनगड़ा जिला परिषद् सदस्य पूर्वी राजेंद्र शाही, उप प्रमुख जयपाल हजाम, एतवा उरांव, सुरसू मुखिया सुमित्रा देवी, पंसस शीतल देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल सोय, अंचल अधिकारी राजू कमल, बीपीओ अवनींद्र कुमार, बीएसओ संतोष कुमार, पशुपालन पदाधिकारी सेवा पालित, बीटी एम नीरा सविता जोजो, घासनी देवी, शंकर मुण्डा, श्यामसुंदर बेदिया, सोमरा बेदिया, डब्ल्यू बेदिया, दीनदयाल बेदिया, धर्मदेव रजवार, निराशो देवी, रीता देवी, भोलानाथ बेदिया, गनेश बेदिया आदि उपस्थित थे।



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल सिल्ली विधायक सुदेश महतो व अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### खेत से चार क्विंटल अदरक उखाड़ कर ले गये चोर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चरिमा गांव में चोरों द्वारा किसान पंकज कुजूर के खेत में लगी लगभग चार क्विंटल अदरक चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है. किसान ने इस बाबत बेड़ो थाना में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। किसान पंकज कुजूर ने बताया कि शुक्रवार शाम को वह खेतों में काम कर घर लौटे तो अदरक की फसल थी। शनिवार सुबह खेतों में गए तो फसल गायब देखा। उन्होंने बताया कि करीब 400 किलो अदरक चोरी कर ली गई है। पंकज ने बताया कि जब उन्होंने गांव में इस बात का जिक्र किया तो पता चला कि एक महीना पहले इसी गांव के लाधु उरांव का भी करीब 300 किलो अदरक खेतों से ही चोरी हो गया है। पंकज की मानें तो खेतों से अदरक की फसल चोरी का यह पहला मामला है। बताया कि चोरी हुए अदरक की कीमत करीब 40 हजार रुपये है। वहीं, थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम ने कहा कि पुलिस को सूचना मिली है। जांच की जा रही है।

### झारखंड किसान मजदूर मोर्चा के लापुंग प्रखंड कमेटी का गठन, कार्यालय का भी हुआ शुभारंभ



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग में झारखंड किसान मजदूर मोर्चा (जेकेएमएम) के बैनर तले लापुंग प्रखंड के बिरसा चौक पर वीरेंद्र साहू के घर पर प्रखण्ड कार्यालय का उद्घाटन किया गया। पूर्व उप विकास आयुक्त सह मुख्य संयोजक जेकेएमएम डॉ परमेश्वर भगत ने बैठक की। परमेश्वर भगत ने कहा कि मांडर विधानसभा के आदिवासी और मूलवासी का विकास झारखण्ड मजदूर किसान मोर्चा ही कर सकती है। प्रखेड व अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर बरसे। वहीं, बैठक में 2024 विधान सभाचुनाव को ध्यान में रखते हुए लापुंग प्रखंड कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष ज्योतिष राम साहू, उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, सचिव शिवा उरांव, संघठन मंत्री सीताराम दास, कार्यालय प्रभारी शंकर साहू, मीडिया प्रभारी प्रभात स्वासी एवं प्रधान कार्यालय प्रभारी गणेश साहू, प्रामर्श समिति सुखैर भगत, बुधनाथ लोहरा, महादेव उरांव, बलेश्वर बड़ाइक, संतोष बरला, रमेश राम को नियुक्त किया गया। मौके पर बूंदीक बरला, सीताराम दास, महादेव उरांव, शिव उरांव, संतोष बरला, बालेश्वर बारिक, राजेश भगत, कलिंदर साहू, बुद्ध नाथ लोहार, सतीश, कुमार साहू, बाल्कम सिंह अरविंद यादव, मुकेश साहू, कमार्नंद पांडे, बिरसा बरला, कृष्ण गोप, रोलिंग मुंडा, बिरसा मुंडा, सोमा उरांव आदि थे।

### जुआ खेलते 10 गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सांती गांव से जुआ खेलते 10 लोगों को ओरमांझी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। जिन्हें शनिवार को जेल भेज दिया गया। उनके पास से करीब लाख रुपये भी जब्त किया गया है। चेतावनी दी कि अभियान आगे भी चलेगा।

### डीएवी नागेश्वर विद्यालय में मना क्रिसमस गैदरिंग



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** चंदाघासी डीएवी नागेश्वर पब्लिक स्कूल में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। जिसमें नामकुम प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप एवं कांग्रेसी नेता माधो कच्छप, स्कूल के पूर्व छात्र रोबिन मिंज शामिल हुए। गौरतलब है कि रोबिन मिंज का चयन आईपीएल के गुजरात टाईटन की टीम ने किया है। क्रिसमस गैदरिंग में बच्च रंग-बिरंगी ड्रेस पहनकर शामिल हुए। जिसकी शुरूआत केक काटकर हुआ। शिक्षकों ने बच्चों को टॉफी आदि बांट कर क्रिसमस की बधाई दी। गैदरिंग में निदेशक कविता सिंह, अभिभावक, शिक्षक के साथ छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### आत्मा तो शुद्ध है, उसे बोध कराने की आवश्यकता है : स्वामी दिव्य देव महाराज

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** आरटीसी कॉलेज दड़दाग के विवेकानंद सभागार में आत्म बोध से आत्म शुद्धि विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें आए रांची आचार्य कुलम के मुख्य प्रबंधक स्वामी दिव्य देव महाराज ने कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मा शुद्ध है। इसे बोध करने की आवश्यकता है। 84 लाख योनि में सर्वश्रेष्ठ मनुष्य है। मनुष्य में विवेक है। मनुष्य अपने वास्तविक ज्ञान से परे है। जिस दिन मनुष्य को यह ज्ञान हो जाएगा की वो कौन है, उसी दिन उसे आत्मबोध का ज्ञान हो जाएगा। ऐसा होते ही आत्मा की शुद्धि स्वतः हो जाएगी। वहीं, निदेशक डॉ पारसनाथ महतो ने कहा कि आत्मबोध के बिना आत्म शुद्धि नहीं हो सकता है। मौके पर प्राचार्य डॉ भीम महतो, प्रो प्रेमनाथ मुंडा, प्रो इमरान अंसारी, प्रो इकबाल अंसारी, प्रो योगेंद्र ठाकुर, प्रो शशि मिश्र, धनीलाल महतो, प्रो मीनू कुमारी आदि उपस्थित थे।

### जरिया स्वर्ण डीपीएस स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह खाद्य मेला का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह खाद्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से आठ तक के छात्रों ने भाग लिया। प्रदर्शनी सह खाद्य मेला में छात्रों ने एसिड रैन, वर्षा जल संग्रहण, दिन-रात्रि का कारण होना, ज्वालामुखी, चन्द्रयान, स्मार्ट सिटी, वॉटर सिवेरेज, मानव हृदय का कार्य, गुर्दे का कार्य व वर्किंग मॉडल्स बनाए। कार्यक्रम का उद्घाटन चित्रकूट धाम के महंत स्वामी सीताराम शरण महाराज ने किया। वही बच्चों के साथ अभिभावकों ने मिलकर सामूहिक रूप से गायन, कीर्तन व सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। स्वामी ने बच्चों को ईश्वर, माता पिता व शिक्षकों को सम्मान एवं उनकी बातों को सुनने एवं पालन करने का आशीर्वचन दिया। वहीं, स्कूल के निदेशक दीपम बनर्जी ने छात्रों को विज्ञान प्रदर्शनी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों के अपनी वैज्ञानिक रूचि और सृजनात्मकता को प्रदर्शित करते हुए बहुत उत्कृष्टता प्रदर्शन की और खाद्य भंडार व कला की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप-प्राचार्य सोनम प्रसाद, शिक्षिका श्वेता खन्ना, प्रेमिका लकड़ा, विजेता गुप्ता, सोनम कुमारी, संध्या साहू, शिवानी कुमारी, राज कूपर, संजय प्रसाद साहू, प्रकाश साहू सराहनीय योगदान दिया।

### फरार आरोपी के घर नरकोपी पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार


**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नारकोपी थाना कांड संख्या 16/2020 धारा 392 भादवि के तहत फरार चल रहे अप्राथमिक अभियुक्त कमरान अंसारी के नारकोपी के टंगराटोली गांव स्थित निवास स्थान पर शनिवार को थाना प्रभारी अभिजित कुमार सशत्र बल के साथ ढोल व नगाड़ा बजाते हुए पहुंचे थे। उन्होंने घर की दिवाल पर इस्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी ने बताया कि चिंगरी मोड़ के समीप नगद व टैब लूट की घटना को अंजाम देने के बाद से कमरान अंसारी फरार चल रहा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। ग्रामीणों से अपील की कि कमरान का सुराग मिलते ही पुलिस को सूचित करें।

## न्यूज रील्स

### व्रत रखना, न रखना मर्जी का मामला क्रूरता नहीं : हाइकोर्ट

**नयी दिल्ली।** करवा चौथ का व्रत नहीं रखने पर एक पति ने इसे पत्नी की क्रूरता बताया और सीधे कोर्ट पहुंच गया। ट्रायल कोर्ट ने दोनों का तलाक मंजूर कर लिया। पत्नी ने खुद को क्रूर बताये जाने के खिलाफ दिल्ली हाइकोर्ट में याचिका लगायी। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि व्रत रखना पसंद का मामला है। हाइकोर्ट ने तलाक को बरकरार रखते हुए कहा कि अलग-अलग धार्मिक विश्वास रखना और कुछ धार्मिक कर्तव्यों का पालन न करने को क्रूरता नहीं कहा जा सकता। रिवाजों के बीच रहते हुए महिला का उपवास से इनकार करना बताता है कि पत्नी के मन में पति के लिए कोई सम्मान नहीं है।

### 24 घंटे में कोरोना के 752 मामले, 4 की मौत



**नयी दिल्ली।** देशभर में कोरोना के पिछले 24 घंटे में 752 नये मामले दर्ज किये गये हैं। जबकि 325 लोग ठीक हुए हैं। वहीं, संक्रमण की वजह से चार लोगों की मौत हुई है। देश में एक्टिव मामलों की संख्या 3 हजार 420 है। एक दिन पहले यह आंकड़ा 2 हजार 998 था। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक राज्यों में केरल में सबसे ज्यादा 565 मामले मिले हैं। एक्टिव केस के मामले में केरल के बाद कर्नाटक 70 केसेस के साथ दूसरे नंबर पर है।

# तालचेर थर्मल ने इंट्रा रीजनल स्पोर्ट्स मीट की मेजबानी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** एनटीपीसी तालचेर थर्मल की स्पोर्ट्स काउंसिल ने 20 से 22 दिसंबर 2023 तक तीन दिवसीय इंट्रा रीजनल स्पोर्ट्स मीट 2023 की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में टेबल टेनिस और कॉन्ट्रैक्ट ब्रिज में उत्साही प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें एनटीपीसी बोंगाइगांव (असम) उत्तरी करनपुरा का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन राज्यों की टीमें एक साथ आईं। (झारखंड) दर्लिपल्ली (ओड़िशा) तालचेर कनिहा (ओड़िशा) और तालचेर थर्मल (ओड़िशा)। टूर्नामेंट की शुरूआत एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसमें





सम्मानित मुख्य अतिथि, तालचेर थर्मल के कार्यकारी निदेशक गौतम देब, जीवंत सांस्कृतिक प्रदर्शन और टीमों का स्वागत किया गया। पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक- ईआर-II, और श्रीमती की विशिष्ट उपस्थिति। वसुधा महिला मंडल की अध्यक्ष महुआ मजूमदार ने समापन समारोह की शोभा बढ़ाइ और सभी टीमों द्वारा प्रदर्शित समर्पण और खेल कौशल की सराहना की।

तालचेर कनिहा ने टेबल टेनिस टीम स्पर्धा जीती, जबकि बोंगाइगांव ने युगल वर्ग में शानदार जीत हासिल की। तालचेर थर्मल की महिला टीम ने टेबल टेनिस क्षेत्र में अपना दबदबा बनाते हुए सभी पदों पर जीत का दावा किया। कॉन्ट्रैक्ट ब्रिज में, तालचेर कनिहा विजयी हुआ, जबकि तालचेर थर्मल ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। स्कोर से परे, समारोह ने पूर्वी क्षेत्र - II में पौधों के बीच एकता की बुनाइ करते हुए, एथलीटों के अटूट समर्पण पर प्रकाश डाला। एथलेटिकवाद का यह भव्य उत्सव खेल के प्रति साझा जुनून से प्रेरित एक एकजुट समुदाय को बढ़ावा देने के लिए तालचेर थर्मल की दृढ़ प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 1 मिनट 24 सेकेंड में पूरी होगी

- मुहूर्त 22 जनवरी दोपहर 12:29:08 बजे से

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या/वाराणसी।** अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा महज 1 मिनट 24 सेकेंड में होगी। काशी के पंडितों ने यह मुहूर्त तय किया है। द्रविड़ बंधु पं. गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और पं. विश्वेश्वर शास्त्री ने बताया कि 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से मूल मुहूर्त होगा, जो 12 बजकर




30 मिनट 32 सेकेंड तक चलेगा। यानी कुल 1 मिनट 24 सेकेंड का ही प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त होगा। इस मुहूर्त की शुद्धि भी की जायेगी। मुहूर्त शुद्धि का समय 20 मिनट का होगा। यह 19 जनवरी की शाम 6 बजे से शुरू होगा, जो 6 बजकर 20 मिनट तक चलेगा। इसके बाद 20 जनवरी को सूर्योदय से पहले मुहूर्त शुद्धि का संकल्प होगा। पंडित गणेश्वर शास्त्री ने ही काशी कॉरिडोर के लोकार्पण और राम मंदिर शिलान्यास का मुहूर्त तय किया था। पं. गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने बताया कि मेष लग्न के गुरु होने से राम की राज्य वृद्धि होगी। मेष लग्न का गुरु इस मुहूर्त का प्राण है। लग्नस्थ गुरु पूर्ण दृष्टि पांचवें, सातवें और नौवें घर पर पड़ रही है। इस दृष्टि से मृगशीर्ष नक्षत्र 26वां नक्षत्र है। इसका भी शुभ फल मिलेगा। भगवान राम का जन्म भी अभिजीत मुहूर्त में 12 बजे के बाद ही हुआ था। ऐसा मुहूर्त दुर्लभ होता है। 22 जनवरी को मेष लग्न में बैठे गुरु की पंचम, सप्तम और नवम भाव पर दृष्टि है। इसके प्रभाव से भारत दुनिया में सबसे मजबूत देश बनकर उभरेगा। उधर, 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां तेज हो गयी हैं। गर्भगृह का काम लगभग पूरा हो चुका है। रामलला के सिंहासन पर अब सोने की परत चढ़ायी जायेगी। 31 जनवरी तक राम मंदिर गर्भगृह के ऊपर का फ्लोर भी बनकर तैयार हो जायेगा।

## राज्य में फिर से लागू हुई कोविड पाबंदियां

# स्वास्थ्य विभाग ने जारी की नयी एडवाइजरी वयस्कों को मास्क पहनने की सलाह दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** वयस्कों को मास्क पहनने की सलाह दी जाती है। राज्य में कोरोना का पहला मामला सामने आने के बाद मास्क दिशानिर्देश वापस आ गये हैं। पहली बार ट्वीट करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने मास्क पहनने की अपील की। विशेष रूप से बुजुर्गों को बाहर जाते समय मास्क पहनने के लिए कहा जाता है। स्वास्थ्य विभाग ने कई बीमारियों से पीड़ित बुजुर्गों की भीड़ से बचने की भी सलाह दी है। देश में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ रहा है, कोविड के नये वायरस जे एन वन के कारण संक्रमण बढ़ रहा है।



हालांकि, पिछले 24 घंटों में राज्य में कोविड-19 का एक मामला सामने आया है। हालांकि, कोरोना संक्रमित मरीज अब स्वस्थ है और घर पर ही उसका इलाज किया जा रहा है।

## अमेरिका में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ पर की टिप्पणी

# अब भारत ईंट से ईंट बजाता है: जयशंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**एजेंसी/वॉशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना है कि भारत अब थप्पड़ खाकर किसी के आगे अपना दूसरा गाल नहीं बढ़ायेगा। भारत पिछले 10 सालों में बदल चुका है और अब ईंट का जवाब पत्थर से देने की नीति पर बढ़ रहा है। जयशंकर ने अमेरिका में हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ पर कहा कि किसी भी देश में आतंकियों, अलगावादियों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। हमारे कांसुलेट ने यह मामला अमेरिकी सरकार के सामने उठाया है। इस मामले की जांच की जा रही है। दरअसल, अमेरिका के कैलिफोर्निया में स्थित नेवार्क में



खालिस्तानी कट्टरपंथियों ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाया। यहां कुछ लोगों ने एक मंदिर में तोड़फोड़ करने के बाद मंदिर की दीवारों पर भारत-विरोधी नारे लिख दिये।












# राष्ट्रीय किसान दिवसः वेदांता एल्युमीनियम ग्रामीण भारत में कृषि बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय किसान दिवस पर, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने भारत के ग्रामीण समुदायों की उन्नति के लिए सामाजिक-आर्थिक विकास में व्यापक रास्ते बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराइ है। कंपनी सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करने, कृषि तकनीकों का ज्ञान बढ़ाने, टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने और चक्रीय अर्थव्यवस्था बनाने के लिए डिजाइन की गयी कई पहलों के माध्यम से कृषक समुदाय के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रही है। इन प्रयासों से 10,000 से अधिक किसानों को लाभ हुआ है, जो ग्रामीण समुदायों के बीच सकारात्मक परिवर्तन को ओड़िशा और छत्तीसगढ़ में उत्प्रेरित कर रहे हैं। देश की समग्र प्रगति में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए, कंपनी झारसुगुड़ा, ओड़िशा में तैनात जीविका समृद्धि कार्यक्रम और कोरबा में मोर जल मोर माटी पहल जैसी जमीनी स्तर की पहल के माध्यम से कृषक समुदाय के सदस्यों के लिए उपलब्ध बुनियादी ढांचे को भी बढ़ा रही है। , छत्तीसगढ़। इसके अलावा, वेदांत एल्युमीनियम ने बायोडीजल का परीक्षण भी किया है, जो किसानों के लिए अतिरिक्त राजस्व बनाने में मदद करता है क्योंकि यह आमतौर पर फसल अवशेषों जैसे कार्बनिक पदार्थों से प्राप्त होता है। इन पहलों को रणनीतिक रूप से संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप डिजाइन किया गया है। , विशेष रूप से 'कोई गरीबी नहीं' (एसडीजी 1) 'सभ्य कार्य और आर्थिक विकास' (एसडीजी 8), 'उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा' (एसडीजी 9) और 'जलवायु कार्रवाइ' (एसडीजी 13)। जीविका समृद्धि कार्यक्रम को ओड़िशा के झारसुगुड़ा में वेदांता एल्युमीनियम के मेगा एल्युमीनियम परिचालन के आसपास तैनात किया गया है। इसका उद्देश्य छोटे पैमाने के किसानों को खेती के अधिक कुशल तरीकों से परिचित कराना है। परियोजना का तीसरा चरण हाल ही में लॉन्च किया गया था, जो कृषि उपज बढ़ाने के लिए जलवायु-स्मार्ट प्रथाओं और एकीकृत जैविक कृषि प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करके लगभग 1000 ग्रामीण परिवारों को प्रभावित कर रहा है। मोर जल मोर माटी पहल को छत्तीसगढ़ के कोरबा में स्थित भारत के प्रतिष्ठित एल्यूमीनियम उत्पादक बाल्को द्वारा लागू किया गया है, ताकि आसपास के समुदायों में खेती में क्रांति लाने में मदद मिल सके। यह परियोजना कुल 32 गांवों तक पहुंची है और 3600 से अधिक किसानों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। इनमें से लगभग 30% किसान 18-35 वर्ष के युवा हैं, जो युवाओं को खेती को एक व्यवहार्य पेशे के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इसके अलावा, ओड़िशा में अपनी लांजीगढ़ एल्यूमिना रिफाइनरी में, कंपनी ने वाणिज्यिक वाहनों के लिए एक स्थायी इंधन विकल्प के रूप में बायोडीजल का उपयोग करने के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह जैव इंधन फीडस्टॉक की उत्पादक खेती और जैव इंधन फसलों के लिए टिकाऊ बाजार को बढ़ावा देगा।












# ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल एम एम राजेंद्रन का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल एम एम राजेंद्रन का शनिवार को चेन्नई में निधन हो गया। शनिवार दोपहर 12:30 बजे उनका निधन हो गया। राजेंद्रन ने 1999 के अभूतपूर्व चक्रवात के बाद ओड़िशा के राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभाला। विशेष रूप से राहत और पुनर्वास कार्यों में राज्य सरकार की मदद करने के लिए उनकी प्रशंसा की गयी। अंग्रेजी में लिखी गयी अपनी आत्मकथा 'सर्विस अनइंटरप्टेड' को उड़िया में देखने की उनकी महत्वाकांक्षा ने



उन्हें जीवित रखा है। उनकी आत्मकथा का शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय द्वारा उड़िया में अनुवाद और प्रकाशन किया गया था। उनकी आत्मकथा सेवा अभ्याहत का उड़िया में अनुवाद सोआ के प्रोफेसर नचिकेता खमारी शर्मा ने किया था। इस किताब का विमोचन 20 जुलाई को विश्वविद्यालय परिसर में किया गया था, जबकि 20 अगस्त को उन्होंने भारत के राष्ट्रपति से औपचारिक मुलाकात की थी। उनका जन्म 12 अप्रैल 1935 को आधुनिक आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में हुआ था। 1957 में, वह आइएएस टॉपर के रूप में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए और सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद, उन्होंने ओड़िशा के राज्यपाल के रूप में अपने 5 साल के कार्यकाल के दौरान तीन मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**